आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.04.2025 समय : 705

<><><><><><><><>

- देश अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार, अगले महीने एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेगा।
- संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जे ई ई मेन दो हजार पच्चीस का परिणाम आज घोषित किया जाएगा।
- खाद्य सुरक्षा विभाग श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में आज से 'दो दिवसीय ईट राइट मेला' आयोजित करेगा।
- द्वीपसमूह में पहली बार रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन।

<><><><><><><>

भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। अंतर राष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन के हिस्से के रूप में अगले महीने एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र– आई एस एस के लिए उडान भरेंगे। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैपटन शुभांशु शुक्ला एक्सियोम अंतरिक्ष मिशन ए–एक्स–4 का हिस्सा होंगे। अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस मिशन के जरिये अपनी अंतरिक्ष यात्रा में भारत एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। आगामी महीनों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो की भविष्य की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करने के लिए नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद डॉक्टर सिंह ने कहा कि देश अंतरिक्ष में अगला मील का पत्थर स्थापित करने के लिए तैयार है। श्री सिंह ने आगामी मानव अंतरिक्ष उडान और इसरो के कई महत्वपूर्ण मिशनों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गगनयान जैसी अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक गति की परियोजनाओं के साथ सहयोग अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक वैश्विक नेता बनने के प्रति भारत की वचनबद्धता को दर्शाता है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि ये प्रयास न केवल वैज्ञानिक बल्कि आत्मनिर्भर भारत और विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप भी है।

<><><><><><><>

सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यू पी आई लेन–देन पर जी एस टी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया है। एक वक्तव्य में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट

किया की सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। इसमें कहा गया है कि जी एस टी केवल मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एम डी आर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है, जो कुछ उपकरणों का उपयोग करके किए गए भुगतान से संबंधित होते हैं। मंत्रालय ने कहा की जनवरी 2020 से प्रभावी केंद्रीय प्रत्यक्षकर बोर्ड–सी बी डी टी ने राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किये गये यू पी आई लेन–देन पर मर्चेंट डिस्काउंट–रेट–एम डी आर को हटा दिया है। इस तरह वर्तमान में यूपीआई से लेन–देन पर कोई एम डी आर नहीं लगाया जाता है और इन लेन–देनों पर जीएसटी भी नहीं लगाया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि सरकार यू पी आई के जरिये डिजीटल भुगतान को बढावा देने के प्रति वचनबद्ध है। यू पी आई के विकास को समर्थन देने और कायम रखने के लिए वित्त वर्ष 2021–22 से प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

<><><><><><><>

विश्व दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन वेव्स के अंतर्गत एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू किया गया क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1, अगले महीने की एक से चार मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में एक शानदार फिनाले के लिए तैयार है। अब सभी बत्तीस चुनौतियों के लिए पंजीकरण आधिकारिक रूप से बंद हो चुके हैं। इसमें लगभग एक लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें एक हजार एक सौ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। प्रतिभा के इस असाधारण समूह से, सात सौ पचास फाइनलिस्टों को क्रिएटोस्फीयर में अपने रचनात्मक कौशल और परिणामों को प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाएगा। यह वेव्स 2025 के हिस्से के रूप में एनीमेशन, कॉमिक्स, ए आई, एक्स आर, गेमिंग, संगीत और अन्य क्षेत्रों में नवाचार की विशेषता वाला एक विशेष रूप से क्यूरेट किया गया मंच है।

<><><><><><><>

संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन दो हजार पच्चीस का परिणाम आज घोषित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने यह जानकारी दी।

<><><><><><><>

खाद्य सुरक्षा विभाग श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में 'दो दिवसीय ईट राइट मेला' आयोजित करेगा। यह मेला आज से शुरू होगा, जिसमें बाजरे के उपभोग को बढ़ावा देना समर्पित है। मेले में आने वाले आगंतुकों को स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित विभिन्न प्रकार के खाद्य

स्टॉल देखने का अवसर मिलेगा। ये स्टॉल स्वादिष्ट और पौष्टिक बाजरा–आधारित उत्पादों की एक रोमांचक श्रृंखला का प्रदर्शन और बिक्री करेंगे। यह मेला आम जनता और पर्यटकों के लिए शाम पांच बजे से नौ बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार की मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत, अण्डमान निकोबार प्रशासन वन स्टॉप सेंटर योजना को लागू कर रहा है। यह योजना निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर संकट के दौरान हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करेगी। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा से लड़ने के लिए चिकित्सा, कानूनी, न्यूनतम पांच दिनों का अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक और परामर्श सहायता सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करने का काम करेगी। मध्योत्तर अंडमान ज़िले में वन स्टॉप सेंटर, में मौजूदा रिक्तियों को भर दिया गया है और चयनित उम्मीदवारों को सहायक आयुक्त आशीष जून की उपस्थिति में उपायुक्त नंदिनी महाराज से नियुक्ति पत्र प्राप्त हो गए हैं। पीड़ित महिलाएं महिला हेल्पलाइन नंबर एक आठ एक और कार्यालय संपर्क नंबर 03192–273009 के माध्यम से वन स्टॉप सेंटर पर संपर्क कर सकती हैं।

<><><><><><><>

ईस्ट आइलैंड और नारकोंडम द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने के लिए जन–सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुनवाई का यह कार्यक्रम उनतीस अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे डिगलीपुर के सहायक आयुक्त कार्यालय के सभागार में होगा।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय और खेल एवं युवा मामले विभाग, अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से, द्वीप समूह में पहली बार रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आज शाम साढ़े चार बजे नेताजी स्टेडियम में होगा। प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। "अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2025" में लगभग छह सौ प्रतिभागी भाग लेंगे। सभी प्रतिभागियों से दोपहर साढ़े तीन बजे तक नेताजी स्टेडियम पहुंचने को कहा गया है।

<><><><><><><>

असम के गुवाहाटी में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप में अंडमान निकोबार की सीनियर पुरुष और महिला रग्बी फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। तेईस से अट्ठाईस अप्रैल तक होने वाली चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह से चौबीस एथलीट शामिल होंगे। टीमें कल सुबह गुवाहाटी के लिए रवाना होंगी। इस अवसर पर नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद एच. जाडवेट ने राष्ट्रीय स्तर पर रग्बी को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने रग्बी सहित विभिन्न खेलों में खेल कोटा बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयासों की भी सराहना की।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला मार्शल आर्ट एवं खेल संघ, श्री विजयपुरम में कुंग–फू और वुशु चैंपियनशिप आयोजित करने जा रहा है। चैंपियनशिप तीस अप्रैल से एक मई और सात मई, को आयोजित की जाएगी। ज़िला मार्शल आर्ट एवं खेल संघ को उनतीस अप्रैल तक खालसा पब्लिक स्कूल के मार्शल आर्ट कोच टी. जय राम से फोन संख्या – 9933216863 पर पजीकृत प्रतिभागियों के बारे में जनकारी देने को कहा गया है।

<><><><><><><>